2. The main objective/activities of the Institute would be:

(i) To carry out research studies on the diseases conditions
  (a) bronchial asthma
  (b) Skin disorders
  (c) diabetes
  (d) HIV/AIDS

(ii) Clinical Confirmation of the pathogenesis of drugs proved by the Council and other partially proved drug.

(iii) Drugs proving Research—to conduct proving of homoeopathic drugs on health human—beings;

(iv) Literary Research

3. Proposal for getting the approval of Expenditure finance Committee of the government has been prepared and circu lated by the Council. Construction ac tivities of the complex would be taken up in phased manner subject to budgetary support provided by the Planning Com mission as the scheme is envisaged under Plan side.

नसबंदी/टयूबेक्टामी ऑपरेशन हेतु निर्धारित लक्ष्य

2411. **श्री गया सिंह**: क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान परिवार कल्याण के अंतर्गत नसबंदी/ टयूबेक्टामी हेतु तथा जनसख्या में वृद्धि रोकने के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया था; उस लक्ष्य को किस सीमा तक प्राप्त कर लिया गया है तथा तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) जनसख्या में वृद्धि को रोकने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्यमंत्री (श्री सलीम इकबाल शेरवानी): (क) लक्ष्य कुल बंध्यीकरण के लिए निश्चित किए गए थे न कि नसबंदी व नलबंदी के लिए अलग-अलग से 18वीं योजना के पहले चार वर्षो के दौरान, सूचना इस प्रकार हैः-

बंध्यीकरण

वर्ष	लक्ष्य	प्रतिशत उपलब्धि
1992-93	5275640	81.2
1993-94	5183100	86.8
1994-95	5326380	86.0
1995-96	5031650	79.2

(ख) परिवार कल्याण कार्यक्रम ने कई राज्यों में जन्म दर कम करने में काफी अच्छा योगदान दिया है। 9वीं योजना में पिछड़े रहे राज्यों/जिलों में उल्लेखनीय प्रभाव डालने के लिए प्रयत्न किए जाएंगे। राज्यों में स्वास्थ्य परिचर्या पद्धति को मूलभूत ढांचे और कार्य पद्धति के लिए पर्याप्त रूप से मजबूत किया जा रहा है। सरकारी स्वास्थ्य परिचर्या पद्धति द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं की गुण्वत्ता पर जोर दिया जा रहा है। गर्भ निरोधक लक्ष्यों को स्थापित करने की पद्धति को ऊपर के स्तर से पिछले वर्ष सामुदायिक सहभागिता के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर विकेन्द्रीकत योजना की एक पद्धति द्वारा बदला गया है।

(घ) कुछ विश्वविधालयों द्वारा परिषद द्वारा निर्धारित किये गये न्यूनतम मापदंड को पूरा न करने के कारण शिक्षा के गिरते हुए स्तर को रोकने के लिये सरकार द्वारा क्या-क्या कदम उठाये जा रहे है ?

भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा मान्यता-प्राप्त विश्वविधालयों द्वारा निर्धारित न्यूनतम मापदंड को पूरा किया जाना

2512. **श्री मूलचन्द मीणा**: क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रीः यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देशभर में आयुर्वेद/यूनानी विश्वविधालयों का ब्यौरा क्या है;

(ख) भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा मान्यता-प्राप्त उन विश्वविधालयों की संख्या कितनी है, जो परिषद द्वारा निर्धारित न्यूनतम मापदंड को पूरा कार रहे है, तत्तसंबंधी ब्यौरा क्या है; और।